अर्थशास्त्र-शिक्षक की भूमिका

(ROLE OF ECONOMICS TEACHER)

प्रभावी शिक्षण के लिये शिक्षक की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षक की भूमिका में छात्र, अभिभावक, साथी (सहयोगी), प्राचार्य तथा समुदाय सभी निहित होते हैं। आज शिक्षक की भूमिका बहुत ही चुनौतीपूर्ण तथा जटिल हो गई है। साथ ही उसकी भूमिका बहुआयामी हो गई है। ब्रिटेनिका के नवीन विश्वकोश में शिक्षक की भूमिका के अन्तर्गत निम्न को रखा गया है–

(1) अधिगम का माध्यम (Mediator of Learning)।

(2) अनुशासन कायम करने वाला।

(3) अभिभावकों का विकल्प।

(4) छात्रों का विश्वासपात्र।

(5) पाठ्यक्रम का संगठनकर्ता।

(6) उपलब्धि का निर्णायक।

(7) नौकरशाह।

(8) विद्वान तथा शोध विशेषज्ञ तथा शिक्षा संगठनों का सदस्य।

(9) सामाजिक परिवर्तन का अभिकर्त्ता।

(10) समुदाय का नेता।

(11) जनसेवक।

(12) ज्ञान का बढ़ाने वाला।

(13) नवीन प्रणाली विज्ञान (New Methodology) का शोधक।

(14) ज्ञान के विस्फोट में अपनी भूमिका निभाने वाला।

Scanned with CamScanner